# सरकारी भूमि में माफिया ने हजारों टन ग्रेवल मिट्टी का अवैध खनन किया

## ग्रामीणों की शिकायत पर खजूरी नायब तहसीलदार ने पहली बार कार्रवाई की

**मांडलगढ़, (निसं)।** मांडलगढ़ के जस्सूजी का खेड़ा और भग्गुनगर (जहाजपुर) पंचायत क्षेत्र के गोधपुरिया गांव की सरकारी भूमि में पिछले कई दिनों से खनन माफिया द्वारा ग्रेवल मिट्टी का अवैध खनन धड़ल्ले से किया जा रहा था। मौक़े से हजारों टन ग्रेवल मिट्टी का अब तक खनन किया जा चुका है और मिनरल ग्राइंडर की फैक्ट्रियों में अवैध खनन के मिनरल को ग्राइंडिंग कर कई राज्यों में भेजे जाने की जानकारी सामने आई है। ग्रामीणों की शिकायत पर खजूरी (जहाजपुर) के तहसीलदार ने ग्रेवल मिट्टी परिवहन करते खनन माफिया के एक डम्पर को जब्त कर काछोला थाना पुलिस को सौंपा। उक्त कार्रवाई की भनक लगने पर मौके से जेसीबी मशीन और अन्य डम्पर फरार हो गए।

नायब तहसीलदार बलवीर सिंह राठौड़ ने बताया कि गोधपुरिया से काछोला की ओर ग्रेवल मिट्टी लेकर आ रहे एक डम्पर को जब्त किया गया है और सरकारी भूमि पर किए गए अवैध खनन का मेंरमेंट करने के निर्देश हल्का पटवारी को दिए गए हैं



ग्रेवल मिट्टी का अवैध खनन कर परिवहन करते एक डम्पर को जब्त कर पुलिस को सौंपा।

तथा अवैध खननकर्ता की जानकारी जुटाई जा रही हैं। गोधपुरिया और निकट के बगतपुरा के ग्रामीणों का आरोप है कि सरथला व काछोला की ग्राइंडिंग फैक्ट्रियों के संचालकों द्वारा सैकड़ों बीघा सरकारी भूमि में किए जा रहे अवैध खनन को लेकर ग्रामीणों ने कई बार प्रशासन के जिम्मेदारों को शिकायत की। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही थी।

ग्रामीणों का आरोप है कि कभी रात में तो कभी दिन में खनन माफिया द्वारा भारी भरकम मशीनों से अवैध खनन कर डम्पर और ट्रैक्टर ट्रॉलियों में परिवहन कर ग्राइंडिंग फैक्ट्रियों में ग्रेवल मिट्टी को ले जाते है और वहां ग्राइंडिंग कर मिट्टी के कट्टों को ट्रकों में भरकर अन्य राज्यों में भेजा जा रहा है जिससे सरकार को लाखों के राजस्व का चूना लगाया जा रहा है। फैक्ट्री संचालको द्वारा तथा कथित रवन्ना लाकर अवैध खनन पर पर्दा डालने का खेल खेला जा रहा है। वहीं बिल्टी और बिल में अंडरलोड बताकर मिट्टी के कट्टों को ट्रकों में ओवरलोड भर कर अन्य राज्यों में परिवहन किया जाता है। मिली जानकारी के मुताबिक

- कार्रवाई की भनक लगने पर मौके से जेसीबी मशीन और डम्पर चालक फरार हो गए
- फैक्ट्रियों में ग्रेवल मिट्टी को ग्राइंडिंग कर टाइल्स मिनरल तैयार किया जाता हैं

सरथला पँचायत में एक ही लाइसेंस पर दो ग्राइंडिंग फैक्ट्रियां चल रही हैं लेकिन फेक्ट्री संचालकों ओर जिम्मेदारों की मिली भगत के चलते कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

काछोला थानाधिकारी श्रद्धा पचौरी ने बताया कि खजूरी नायब तहसीलदार द्वारा जब्त ग्रेवल मिट्टी के डम्पर को जब्त कर खनिज विभाग को अग्रिम कार्रवाई के लिए सूचना भेज दी गई है। अवैध खनन और परिवहन पर कड़ी निगरानी कर रात्रि गश्त और नाकेबंदी के दौरान संदिग्ध वाहनों की चैकिंग भी की जा रही है।

# घर के बाहर बैठे युवक पर स्कूटी सवार दो युवकों ने गोली चलाई

## घटना में युवक बाल-बाल बच गया, एक अन्य व्यक्ति पर भी गोली चलाने का प्रयास किया

**भीलवाड़ा, (निसं)।** घर के बाहर बैठे एक युवक पर स्कूटी सवार दो युवकों ने फायर कर दिया। फायरिंग की घटना में घर के बाहर बैठा युवक बाल-बाल

- तीन राउंड फायर में एक कारतूस और एक कारतूस का खोल मौके से बरामद हुआ है

बच गया। युवकों को पकड़ने और उन्हें फायरिंग से रोकने आए एक स्थानीय व्यक्ति पर भी इन्होंने गोली चलाने का प्रयास किया। मामला शहर के सुभाष नगर थाना क्षेत्र के मालान एरिया का है। यहां चारभुजा नाथ मंदिर के सामने घर के बाहर बैठे मुकेश जाट पर स्कूटी पर सवार कृश सुवालका और उसके एक साथी ने फायरिंग कर जान से मारने की कोशिश की। तीन राउंड फायर में एक कारतूस और एक कारतूस का खोल मौके से बरामद हुआ है।

मुकेश ने बताया कि वह पार्टी के बैनर पोस्टर बांट कर अपने घर के बाहर बैठा था। इसी दौरान स्कूटी पर कृश सुवालका और उसका एक साथी आया और उन्होंने फायरिंग कर दी। गोली उसके नजदीक से होकर निकल गई,



फायरिंग के बाद कारतूस का खोल मौके से बरामद किया।

दूसरी गोली चलने पर उसने वहां पास खड़ी कर के पीछे छुप कर खुद को बचाया। इसी दौरान पास में बैठा एक मोहन जाट, मुकेश को बचाने और हमलावरों को पकड़ने के लिए आया तो उस पर भी फायरिंग कर दी, फायरिंग में वह भी बाल बाल बच गया। फायरिंग के बाद हमलावर तुरंत मौके से फरार हो गए। घटना के बाद बड़ी संख्या में मोहल्लेवासी इकट्ठा हो गए और उन्होंने पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलने के बाद सुभाष नगर थाना प्रभारी शिवराज मौके पर पहुंचे और मौके से एक कारतूस और एक कारतूस की खोल बरामद की है। घटना के बाद से क्षेत्रवासियों में दहशत है। दोनों पक्षों के बीच पुरानी रंजिश थी। इस के चलते फायरिंग की घटना को अंजाम दिया है। फिलहाल पुलिस ने मुकेश की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

# शादी के दौरान करंट लगने से दूल्हे की मौत

**कोटा, (निसं)।** शहर के नांता थाना इलाके में बूंदी रोड़ पर मंगलवार को करंट लगने से दूल्हे की मौत हो गई। विवाह की रस्में चल रही थी कि अचानक दूल्हा करंट की चपेट में आ गया। दूल्हे को तुरंत अस्पताल ले जाया गया लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। हादसा फेरों के कुछ घंटे पहले ही हुआ।

नांता थाना अधिकारी नवल किशोर शर्मा ने बताया कि मृतक का नाम सूरज सक्सैना (30) है। वह मूल रूप से कोटा शहर के केशवपुरा इलाके में रहता था। यहां बूंदी रोड पर मेनाल रेजिडेंसी रिजॉर्ट में शादी समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा था। हल्दी मेहंदी का कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान दूल्हा करंट की चपेट में आ गया। हादसे के बाद शादी की खुशियां एकदम से काफूर हो गई और पूरे परिसर में ही कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि दूल्हा बैंगलुरू में जॉब करता है। पुलिस उप अधीक्षक (द्वितीय) राजेश सोनी ने बताया कि प्राथमिक जांच में पता चला है कि जिस स्थान पर दूल्हा बैठा था उसके नजदीक ही कूलर लगे थे। पास में स्विमिंग पूल की रैलिंग थी और पांडाल का पोल भी था। मेहंदी की रस्म पूरी होने के बाद दूल्हा स्विमिंग पूल की ओर जा रहा था। रास्ते में उसने पोल पर हाथ रखा और करंट आ गया।

करंट लगते ही अन्य लोगों ने उसे बचाने की कोशिश की तब तक वह बेहोश हो गया। अस्पताल ले जाने पर उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद परिजन शव को एमबीएस अस्पताल की मोर्चरी में लेकर आऐं। हादसे से कुछ देर पहले पूरे परिवार के लोग खुशी मना रहे थे कि एकदम से पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। हादसे के दौरान दुल्हन भी परिसर में ही मौजूद थी। उसका भी रो-रो कर बुरा हाल है। शाम को ही वर वधु के पाणिग्रहण संस्कार होने थे। पुलिस उप अधीक्षक (द्वितीय) राजेश सोनी का कहना था कि हादसा दोपहर 2 बजे के आसपास हुआ। इस मामले में रिजॉर्ट मालिक की भी गलती सामने आई है। परिजनों की रिपोर्ट के अनुसार करंट आने के बाद दूल्हा अचेत होकर गिर गया था। परिजनों ने पोल में करंट आने की बात कही है। जांच के दौरान जितने भी तथ्य सामने आएंगे उसके अनुसार कार्रवाई होगी। साथ ही रिजॉर्ट मालिक के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## ऑटो से पकड़ी अवैध शराब, तस्कर गिरफ्तार

**डूंगरपुर, (निसं)।** बिछीवाड़ा थाना पुलिस ने एक ऑटो से अवैध शराब बरामद कर ड्राइवर शंकर भाई को गिरफ्तार किया है। आरोपी शराब को तस्करी कर गुजरात की तरफ ले जा रहा था। पकड़ी गई शराब की कीमत करीब 24 हजार रुपए बताई जा रही है। बिछीवाड़ा थानाधिकारी ने बताया कि राजस्थान-गुजरात के रतनपुर बॉर्डर पर नाकाबंदी कर गाड़ियों की तलाशी ली जा रही थी। इस दौरान खजुरी की तरफ से एक गुजरात नंबर का ऑटो आते हुए नजर आया। ऑटो को रुकवाकर ड्राइवर शंकर भाई पुत्र नटवर भाई बरंडा मीणा निवासी जामबूड़ी चितरिया थाना शामलाजी गुजरात से पूछताछ की तो जवाब नहीं दे सका। जिस पर पुलिस ने ऑटो की तलाशी ली। ऑटो में शराब की पेटियां भरी हुई मिली, लेकिन शराब ले जाने के कोई कागजात नहीं मिले।

# भ्रूण लिंग परीक्षण कराते दलाल को पकड़ा

**जालोर, (नि.सं.)।** राज्य पीसीपीएनडीटी प्रकोष्ठ ने सोमवार को गुजरात के बनासकांठा के धानेरा में सफल डिकॉय ऑपरेशन करते हुए भ्रूण लिंग परीक्षण में शामिल दलाल राजूराम विश्नोई पुत्र हरिराम विश्नोई निवासी सांकड़ जिला सांचौर हाल संविदाकर्मी जीएनएम पीएचसी सांकड़ जिला सांचौर को गिरफ्तार किया।

अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शुभ्रा सिंह ने बताया कि पिछले दिनों पीसीपीएनडीटी सेल जयपुर को जालौर जिले के आसपास के क्षेत्र में भ्रूण लिंग जांच की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना की पुष्टि के बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, पीसीपीएनडीटी के.के. अवस्थी के निर्देशन में टीम का गठन किया गया। डिकॉय ऑपरेशन के लिए तैयार कार्ययोजना के तहत निरीक्षण दल जालौर पहुंचा। डिकॉय टीम ने दलाल से सम्पर्क किया, जो कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सांकड में संविदा रूप में जीएनएम पद पर कार्यरत है।

दलाल गर्भवती महिला को भ्रूण लिंग जांच के लिए सीमावर्ती राज्य गुजरात ले जाने के लिए तैयार हो गया तथा भ्रूण लिंग परीक्षण की एवज में 45 हजार रुपये एडवांस प्राप्त कर लिए। दलाल गर्भवती महिला को पूजा हॉस्पिटल धनेरा बनासकांठा गुजरात में लेकर गया। टीम में सर्तकता और सावधानी से लगातार दलाल का पीछा किया। गर्भवती महिला के इशारे उपरांत टीम ने दबिश देकर दलाल राजूराम को गिरफ्तार कर लिया। अनुसंधान में पता चला कि दलाल ने धोखाधड़ी करते हुए गर्भवती को पूजा हॉस्पिटल धनेरा बनासकांठा गुजरात में ले जाकर डॉक्टर से गर्भवती महिला के पेट में दर्द की शिकायत कर जांच करवाई तथा बाहर निकल कर गर्भवती को भ्रूण लिंग की जानकारी दी। आरोपी दलाल के पास से भ्रूण लिंग परीक्षण के लिए ली गई राशि के हू-ब-हू नंबरी नोट भी बरामद किये है।

टीम में तीन पुलिस निरीक्षक गुंजन सोनी, श्री अनिल जैमन एवं प्रीति चेची एवं अन्य कार्मिक शामिल रहे। कानिस्टेबल कैलाश, ललित मुकेश एवं शानू तथा जिला समन्वयक पीसीपीएनडीटी शंकर सुथार, पाली के महेश कुमार की भी भूमिका रही।

## दो बाइक की टक्कर में एक बुजुर्ग की मौत

**डूंगरपुर, (निसं)।** उदयपुर-बांसवाड़ा हाईवे पर गोल गांव के पास दो बाइकों की टक्कर हो गई। हादसे में एक बाइक सवार बुजुर्ग की मौत हो गई, जबकि अन्य बाइक सवार दो युवक हादसे के बाद मौके से फरार हो गए। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। पुलिस के अनुसार जैताना गांव निवासी दलजी पुत्र रूपा शादी समारोह में भाग लेकर वापस अपने गांव बाइक पर लौट रहा था। इस दौरान गोल गांव के पास सामने से आ रही बाइक से दलजी की बाइक टकरा गई। हादसे में दलजी गंभीर घायल हो गया। वहीं अन्य बाइक सवार दो युवक मौके से फरार हो गए। घायल दलजी को आसपुर अस्पताल लाया गया, जहां से गंभीर हालत होने पर उसे रेफर किया गया। एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# भाजपा ओबीसी मोर्चा का कार्यकर्ता सम्मेलन सम्पन्न

**भीलवाड़ा, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी ओबीसी भीलवाड़ा द्वारा सामाजिक कार्यकर्ता सम्मेलन हमीरगढ़ में शनि महाराज के स्थान पर भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी दामोदर अग्रवाल के समर्थन में आयोजित किया गया।

जिसमें भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी, प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा राजस्थान चंपालाल गेदर, भीलवाड़ा लोकसभा सह प्रभारी गजपाल सिंह राठौड़, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा प्रदेश महामंत्री महेंद्र सिंह, ओबीसी मोर्चा जिला प्रभारी बद्री सामरिया, भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के प्रदेश मंत्री नंदलाल गुर्जर, भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चे के जिला अध्यक्ष भगवत सिंह राठौड़, अध्यक्ष भाजपा मंडल हमीरगढ़ लालाराम गाडरी, लोकसभा चुनाव मैं आयोजित सम्मेलन को संबोधित किया। इस अवसर पर चंपालाल गेदर को कार्यकर्ताओं ने तलवार भेंट की एवं श्रवण सिंह बगड़ी



हमीरगढ़ में भाजपा ओबीसी मोर्चा भीलवाड़ा का सामाजिक कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ।

को कार्यकर्ता द्वारा लिखी गई कविता की फ्रेम भेंट की गई। भाजपा जिला मीडिया संयोजक महावीर समदानी में जानकारी देते हुए बताया कि सामाजिक सम्मेलन में सभी अतिथियों ने एक स्वर में आगामी आने वाली 26 अप्रैल को अपने मतदान

- सम्मेलन में सभी ने बीजेपी प्रत्याशी को विजयी बनाने की अपील की

का प्रयोग कर कमल के निशान पर बटन दबाकर बीजेपी प्रत्याशी को विजय बनाने की अपील की।

इस दौरान जिला मंत्री गोपाल तेली, मनोज बुलानी, हमीरगढ़ नगर पालिका के अध्यक्ष रेखा की परिहार, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष शंकर जाट, मनीष जांगिड़, दुलीचंद गाडरी, यशवर्धन सैन, जयदीप सिंह, मंडल महामंत्री जगदीश वैष्णव, विष्णु ओझा, हरलाल सालवी, ओबीसी मोर्चा के हमीरगढ़ मंडल अध्यक्ष लादू जाट, पूर्व महामंत्री रतन मंडोवरा, शंकर गुर्जर, भैरू जाट, शैलेंद्र नाथ, अभिषेक व्यास, कैलाश सोनी, मोहित छीपा, किशन सिंह, कैलाश तेली, नारायण जाट, राधेश्याम सोनी, आदि सहित समस्त कार्यकर्ता सम्मेलन में मौजूद रहे।

# पूर्व विधायक अमीन खान को धमकी देने वाला गिरफ्तार

**बाड़मेर, (निसं)।** शिव के पूर्व विधायक अमीन खान को सोशल मीडिया ग्रुप फेसबुक अकाउन्ट पर जान से मारने का धमकी भरी पोस्ट करने वाले आरोपी को पुलिस ने नामजद करते हुए गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह ने बताया कि पूर्व विधायक अमीन खान को सोशल मीडिया पर जान से मारने की धमकी वाली पोस्ट की सूचना प्राप्त होने पर सोशल मीडिया जिला नोडल अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जसाराम बोस को इस संबंध में जानकारी कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये, जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बाडमेर नोडल अधिकारी व जिला सोशल मिडिया सैल द्वारा तुरन्त इस सम्बन्ध में जानकारी करते हुए उक्त पोस्ट वायरल करने वाले युवक की जानकारी कर संबंधित पुलिस थाना धोरीमन्ना को त्वरित कार्यवाही करने के



धमकी भरी पोस्ट करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

निर्देश दिये गये।

थानाधिकारी पुलिस थाना धोरीमन्ना मय पुलिस टीम द्वारा धमकी भरी पोस्ट वायरल करने वाले आरोपी पारसमल पुत्र भीयाराम जाट निवासी भाउडा ग्राम पंचायत खारी का करीबन 5 किलोमीटर रेतीले धोरों में पीछा कर दस्तयाब किया व पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया।

## अज्ञात बीमारी से दो दर्जन से अधिक बकरियों की मौत



ढाणी निमावतावाली में मृत बकरियां।

**पावटा, (निसं)।** ग्राम पंचायत लाडाकाबास की ढाणी निमावता वाली में अज्ञात बीमारी से दो दर्जन से अधिक बकरियों की मौत हो गई। ग्राम पंचायत लाडाकाबास की ढाणी निमावता वाली निवासी सीताराम मीणा के यहां अचानक 25 बकरियों की मौत हो गई। सूचना पर पूर्व सरपंच मदन यादव, तहसीलदार पावटा प्रवीण सैनी ने जानकारी ली। वहीं डॉ. नवल पारीक, पशु कंपाउंडर रामसिंह यादव ने मौके पर पहुंचकर मृत बकरियों का पोस्टमार्टम किया। पूर्व सरपंच मदन यादव ने पीड़ित पशु पशु पालक को उचित मुआवजा दिलाने की बात कहते हुए कहाँ कि 25 बकरियां अचानक रात को मर गई जिससे सीताराम का संपूर्ण बाड़ा खाली हो गया। घटना को लेकर दु:ख जताया। विधायक कुलदीप धनकड ने दूरभाष के जरिये अधिकारियों को निर्देश दिये।

# चिकित्सा संबंधी समस्याओं को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन

**भरतपुर, (निसं)।** चिकित्सा संबंधी समस्याओं को लेकर कस्बे के ग्रामीणों द्वारा अस्पताल के मुख्य दरवाजे पर सांकेतिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन किया गया। ग्रामीणों ने कहा कि समय रहते हुए प्रशासन ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की समस्याओं का समाधान नहीं करवाया तो क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायतों से ग्रामीणों को साथ लेकर बड़ा आंदोलन की चेतावनी दी है। प्रदर्शनकारियों में कस्बे के पूर्व सरपंच डालचंद गुप्ता भाजपा नेता नितिन प्रधान किसान मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष धर्मचंद गुर्जर, गुर्जर समाज के अध्यक्ष गजेंद्र सिंह, राकेश गुर्जर, महावीर सैनी, विजेंद्र सैनी, योगेश सैनी, अरुण वाल्मीकि, शुभम शर्मा, रोहित शर्मा आदि दर्जनों लोग मरीजों सहित मौजूद रहे।

गोपालगढ़ कस्बे के आदर्श सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सा व्यवस्थाओं को लेकर बढ़ती जा रही अनियमितताओं, चिकित्सकीय स्टाफ का समय पर अस्पताल ना आना, ज्यादातर समय अस्पताल से बिना छुट्टी लिए ही बाहर रहना, यदि अस्पताल पर मौजूद हैं तो अपने क्वार्टर में रहना, मरीजों को दवाई न देना, प्रसव कराने को लेकर एक भी महिला नर्स का मौजूद न होना, जो निर्धारित पद हैं उन पदों के अनुसार अस्पताल में डॉक्टर्स, मेल नर्स,फीमेल नर्स, रेडियोग्राफर, फार्मासिस्ट, वार्ड बॉय का न होना, सीएचसी में बढ़ती गंदगी को लेकर अस्पताल परिसर में जिस प्रकार से गंदगी का आलम रहता है उससे मरीज ठीक होने की बजाय बीमारी की चपेट में आने का खतरा बना रहता है।

भाजपा नेता नितिन प्रधान व पूर्व सरपंच डालचंद गुप्ता ने बताया कि सीएचसी गोपालगढ़ की चिकित्सा सेवाएं लंबे वक्त से दिनों दिन बिगड़ती जा रही है। बीसीएमओ केडी शर्मा को दर्जनों बार मौखिक रूप से अवगत करा दिया गया है परंतु 10 से 15 वर्षों के लंबे वक्त से कामां विधानसभा क्षेत्र जमे रहने के चलते अच्छे राजनीतिक संबंध स्थापित किए हुए है जिसके कारण यहां की चिकित्सा व्यवस्था




सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपालगढ़ पर बिगड़ी चिकित्सा व्यवस्थाओं पर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया।

दिनों दिन बदहाल हो चुकी है। लोगों का कहना है कि जब तक यहां बीसीएमओ केडी शर्मा जमे रहेंगे तब तक चिकित्सा सेवाएं रामभरोसे रहेंगी। इसी कारण यहां के लोगों अभी सांकेतिक प्रदर्शन किया जिसके बाद आंदोलन करने की भूमिका भी तैयार कर ली है। ग्रामीणों ने बताया कि दर्जनों गांवों से जुड़ी सीएचसी में प्रसव कराने व आपातकालीन स्थिति में मरीजों को इलाज की तो दूर बात प्राथमिक उपचार देने वाला कोई नहीं मौजूद रहता है।

- ग्रामीणों ने समस्याओं का समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी

सीएचसी गोपालगढ़ में चिकित्सा सेवाएं न मिलने के कारण ही लोग झोलाछाप पर इलाज कराने को मजबूर होते हैं। वहीं स्थानीय चिकित्सक व बीसीएमओ द्वारा झोलाछापों के विरुद्ध एक भी कार्रवाई नहीं की जबकि गलत इलाज के चलते कई लोगों को अपनी जान गवानी पड़ी है

बीसीएमओ कांमा पहाडी केडी शर्मा का कहना है कि मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी, डॉक्टर को भेज दिया है।

पूर्व सरंपच गोपालगढ़ का कहना है कि सीएचसी पर लगे चिकित्सक को बीसीएमओ का आशीर्वाद प्राप्त है। जिसके चलते चिकित्सा व्यवस्था दिनों दिन खराब हो रही है।